The plan is likely to be tabled at the next meeting of the Unified Traffic and Transportation Infrastructure (Planning & Engineering) Centre (UTTIPEC), which is the apex body for approving traffic and road infrastructure projects in Delhi, people aware of the matter said.

"The LG reviewed the walkability plan in a recent meeting and reviewed the Purana Qila - Pragati Maidan stretch. He directed DDA to finalise the plan soon," said a senior official at the LG secretariat, asking not to be named.


The issues, the officials said, pertain majorly to the movement of traffic.

"The LG instructed DDA, traffic police and ITPO (India Trade Promotion Organisation) to address issues like traffic movement, security concerns of visiting dignitaries at Pragati Maidan, and seamless movement of pedestrians, and present the final proposal for UTTIPEC's approval at the earliest," the person added.

ITPO manages Pragati Maidan, the Capital's main convention centre.

## The walkability plan

The corridor, besides Pragati Maidan, will pass through key intersections, including Sikandra Road, Bhagwan Das Road and Tilak Marg




The plan has been prepared under the DDA's walkability policy – the Enhanced Walkability in Delhi – which was notified in 2019 and aimed at making roads more accessible, especially areas around mass transit systems and residential neighbourhoods.

Under the plan, table-top crossings, two-metre wide footpaths, dedicated bus lanes, foot over-bridges, dedicated lanes for non-motorised transport will be among the infrastructure made to facilitate seamless pedestrian movement.

A senior DDA official said they plan to construct table-top crossings – the crosswalk is raised so that vehicles mandatorily slow down on approach -- and a foot over-bridge near the SC complex.

Senior DDA officials said that they aim to implement the walkability plan before the upcoming G20 Summit in September, which will take place at the redeveloped Pragati Maidan complex. The ITPO is carrying out the redevelopment of Pragati Maidan, which has entirely been torn down and rebuilt. The work is expected to be completed later this year. "While another plan to decongest the area is being implemented, there is a need to provide pedestrian friendly infrastructure in and around the redeveloped complex and Purana Qila, which is located very close to it," said a DDA official.

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

NAME OF NEWSPAPE नवभारत टाइम्स । नई दिल्ली । सोमवार, 3 अप्रैल 2023 ATED----------------------

# DDA को फ्लैट्स से ₹4300 करोड़ आने की उम्मीद

## द्वारका में बने हाउसिंग प्रोजेक्ट्स से डीडीए को है सबसे अधिक उम्मीद

■ विशेष संवाददाता, नई दिल्ली

File Photos



साल 2023-24 में डीडीए को उम्मीद है कि वह अपने फ्लैट्स बेचकर 4300 करोड़ रुपये से अधिक कमाई करेगा। यह फ्लैट्स डीडीए के हाउसिंग प्रोजेक्ट्स का हिस्सा हैं। खासतौर पर डीडीए को इस वित्त वर्ष में द्वारका से काफी उम्मीदें हैं। डीडीए अधिकारी के अनुसार नरेला के विपरीत द्वारका में डिमांड काफी अधिक है। यह सब सिटी बसी बसाई है। ज्यादातर सेक्टर पूरी तरह डिवेलप हैं। दूसरा द्वारका के बाहरी हिस्सों में भी यूईआर-2(अर्बन एक्सटेंशन रोड-2) की वजह से डिमांड बढ़ गई है। बन रही तीसरी रिंग रोड की वजह से द्वारका के फ्लैट्स काफी डिमांडिंग हैं। इस समय द्वारका में 1,114 एचआईजी के फ्लैट्स का काम अपने अंतिम चरण में हैं। इस बजट में 4300 करोड़ रुपये हाउसिंग प्रोजेक्ट्स से आने की बात की गई है, उसका बड़ा हिस्सा इन्हीं फ्लैट्स से आने की उम्मीद है।

**यूईआर-2 बनने से द्वारका में बढ़ रही है फ्लैट्स की डिमांड**

नरेला के फ्लैट्स की डिमांड बढ़ना भी तय है। नरेला भी यूईआर-2 से इस साल कनेक्ट हो जाएगा। ऐसे में दिल्ली के अन्य हिस्सों ये यहां पहुंचना आसान हो जाएगा। इस रोड से नरेला और रोहिणी तक पहुंचना आसान हो जाएगा। इससे पूर्व डीडीए के अधिकारी यह कह चुके हैं कि इस साल दिवाली तक डीडीए द्वारका के सेक्टर-19 में लंबे समय से बन रहे पेंटाहाउस की स्कीम ला सकता है। चार साल पहले डीडीए ने पहली बार पेंटाहाउस कॉन्सेप्ट की बात की थी। यह डीडीए के अब तक के सबसे महंगे फ्लैट्स होंगे। इनकी कीमत 3 करोड़ से अधिक होने की संभावना जताई जा रही है। यहां पेंटाहाउस के साथ सुपर एचआईजी फ्लैट्स भी होंगे। यह फ्लैट्स ग्रीन बिल्डिंग की तर्ज पर तैयार हो रहे हैं। इनमें सोलर हीटिंग, आर्गेनिक वेस्ट डिस्पोजल और बिजली की कम खपत जैसी सुविधाएं होंगी।

बीते शुक्रवार को डीडीए ने 2023-24 का बजट पेश किया। इसमें डीडीए ने उम्मीद जताई की उसे अपने हाउसिंग प्रोजेक्ट्स से इस साल 4310 करोड़ रुपये की कमाई होने की उम्मीद है। इनमें से बड़ा हिस्सा द्वारका के फ्लैट्स का है। द्वारका में 111,4 एचआईजी फ्लैट्स का निर्माण लगभग पूरा होने वाला है।

Hindustan Times | NEW DELHI
MONDAY
APRIL 03, 2023

# Restore Sanjay Lake by June 30, says LG

**HT correspondent**
letters@hindustantimes.com



LG VK Saxena during his visit to Sanjay Lake on Sunday. HT PHOTO

**NEW DELHI:** Lieutenant governor VK Saxena on Sunday visited Sanjay Lake in east Delhi and directed officials to take steps to restore and rejuvenate the water body by June 30.

Spread over 54 acres, Sanjay Lake is one of the largest lakes in the Capital but has, over the years, reduced in size and volume due to neglect. The surrounding green space is east Delhi's largest green belt.

Sunday was Saxena's second visit to Sanjay Lake as LG, after November 5 last year.

"The LG instructed Delhi Development Authority and Delhi Jal Board officials to carry out thorough de-silting and dredging of the lake and deepen it by 2.5m before the onset of monsoon," the LG office said in a statement. "After it is deepened by 2.5m, this lake will be able to hold nearly 53 million litres of water. The LG issued instructions to DDA to prepare a rejuvenation plan within one week and complete the dredging and de-silting work before the monsoon arrives. This will rejuvenate the lake naturally while recharging the groundwater simultaneously."

He also took stock of the dredging and de-silting work on the eastern side of Sanjay Lake.

The LG office said Saxena has accorded top priority to the restoration and rejuvenation of Delhi's water bodies to recharge groundwater, make the city Delhi self-reliant for its water requirements, and create blue-green assets in the Capital.

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

millenniumpost
NEW DELHI | SUNDAY, 2 APRIL, 2023 ---DATED---

THE WALKABILITY INITIATIVE SEEKS TO PROVIDE OR IMPROVE PEDESTRIAN INFRASTRUCTURE

# Ahead of G20 Summit: Renovated Bhairon Marg-Mathura Road complex to soon have walkability plan, say officials

**OUR CORRESPONDENT**

**NEW DELHI:** Ahead of the G20 Summit in Delhi, authorities are planning to have a "walkability plan" for the "renovated Bhairon Marg-Mathura Road complex" that houses important destinations such as Purana Qila, Pragati Maidan, Delhi Zoo, ITPO and Sher Shah Suri Gate, according to officials.

The walkability initiative seeks to provide or improve pedestrian infrastructure so that more people walk across the city for leisure or health benefits.

Delhi Lt Governor V K Saxena in a recent meeting reviewed the "walkability plan for Purana Qila-Pragati Maidan stretch" presented by the Delhi Development Authority (DDA) and "asked for the same to be finalised at the earliest incorporating all pending concerns", a senior official at the Raj Niwas said.

"The renovated Bhairon Marg-Mathura Road complex that houses important destinations like Purana Qila, Pragati Maidan, Delhi Zoo, ITPO, Sher Shah Suri Gate among others will soon have a walkability plan," he said.

The plan takes into account major roads that include Mathura Road, Sikandara Road, Bhagwan Das Road, Tilak Road, Purana Qila Road, Bhairon Marg, Sher Shah Road and Subramania Bharati Marg, officials said. It also factors in Pragati Maidan metro station, and Tilak Bridge and Pragati Maidan railway stations, they said.

Saxena has also instructed the DDA, Delhi Traffic Police and ITPO (India Trade Promotion Organisation) to "address issues" arising out of traffic movement on account of incoming traffic from ITO and the Bhagwan Das Road region that houses the Supreme Court, security concerns of visiting dignitaries at Pragati Maidan as well as seamless movement of pedestrians, and present the final proposal for UTTIPEC's approval at the earliest, he said.

The Lt Governor on March 20 had chaired the 67th Meeting of the Governing Body of Unified Traffic & Transportation Infrastructure Planning and Engineering Centre, and approved a number of proposals. The walkability plan of the area surrounding Mandi House and Mandi House metro station, comprising radials such as Barakhamba Road, Tansen Marg, Safdar Hashmi Marg, Sikandra Road, Bhagwan Das Road, Copernicus Marg and Ferozshah Road was also approved, the DDA had said.

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

पंजाब केसरी
DELHI
2 अप्रैल, 2023 ▸ रविवार ----DATED----

# प्रगति मैदान व चिड़ियाघर आने वालों को जल्द मिलेगी बड़ी सौगात

**यहां आने वाले लोगों के लिए पैदल चलकर आना-जाना होगा आसान**

**एलजी ने पुराना किला-प्रगति मैदान वॉकेबिलिटी प्लान फाइनल करने का दिया निर्देश**

**भैरों मार्ग, मथुरा रोड व शेरशाह रोड पर पैदल चलने वालों को मिलेगी सहुलियत**




## इन सड़कों के लिए बनेगा वॉकेबिलिटी प्लान

डीडीए द्वारा मुख्य रूप से मथुरा रोड, सिकंदरा रोड, भगवानदास रोड, तिलक रोड, पुराना किला रोड, भैरोंमार्ग, शेरशाह रोड और सुब्रमण्यम भारती मार्ग आदि प्रमुख सड़कों को ध्यान में रखकर वॉकेबिलिटी प्लान तैयार किया है। यह प्रगति मैदान मेट्रो स्टेशन और तिलक ब्रिज और प्रगति मैदान रेलवे स्टेशनों के लिए भी लाभकारी रहेगा।

**नई दिल्ली, (पंजाब केसरी):** दिल्ली में चिड़ियाघर, प्रगति मैदान, पुराना किला व शेरशाह सूरी गेट आने वाले लाखों लोगों को जल्द बड़ी सौगात मिलने वाली है। दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) भैरोंमार्ग व मथुरा रोड के आसपास पैदल चलने वालों के लिए बडे पैमाने पर सुविधाएं विकसित करने जा रहा है। प्राधिकरण ने इस एरिया के लिए वॉकेबिलिटी प्लान तैयार किया है। जिससे यहां पैदल आने जाने वाले लोगों को काफी सहुलियत मिलेगी और राजधानी में पैदल चलने की आदत को बढ़ावा मिलेगा।

दिल्ली के उपराज्यपाल व दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) के अध्यक्ष वीके सक्सेना ने हाल ही में हुई एक बैठक में डीडीए द्वारा पुराना किला-प्रगति मैदान के लिए पेश किये गये वॉकेबिलिटी प्लान की समीक्षा की और सभी लंबित मुद्दों को सुलझाते हुए इसे जल्द से जल्द अंतिम रूप देने के निर्देश दिये हैं। ताकि इस एरिया में लोगों को पैदल चलने में कोई दिक्कत न हो और साथ ही दिल्लीवालों के बीच पैदल चलने की आदत को प्रोत्साहित किया जाए सके। इस दौरान एलजी ने यहां ट्रेफिक का मुद्दा भी भी उठाया। इस संबंध में उन्होंने डीडीए, ट्रैफिक पुलिस व आईटीपीओ को आईटीओ और भगवानदास रोड की ओर से आने वाले ट्रेफिक के कारण उत्पन्न होने वाली समस्याओं को हल करने का निर्देश दिया। एलजी ने यहां स्थित सुप्रीम कोर्ट और प्रगति मैदान में आने वाले गणमान्य व्यक्तियों की सुरक्षा संबंधी चिंताओं की ओर उक्त तीनों एंजेसियों का ध्यान आकर्षित कराया। उन्होंने कहा कि उक्त समस्याओं और पैदल चलने वालों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने के उददेश्य से यूटीपैक के अनुमोदन के लिए जल्द से जल्द एक फाइनल प्रस्ताव बनाकर पेश किया जाए। यहां बता दें कि एलजी के नेतृत्व में डीडीए राजधानी के सिविक इन्फ्रास्ट्रक्चर व नागरिक सुविधाएं को बढ़ाने व बेहतर बनाने की दिशा में तेजी से बड़े पैमाने पर काम कर रहा है। इतना ही नहीं एलजी राजधानी के ट्रेफिक को सुगम बनाने के लिए भी विभिन्न एजेंसियों के माध्यम से कई काम करवा रहे हैं।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

पंजाब केसरी DELHI ▸ 3 अप्रैल, 2023 ▸ सोमवार

DATED

# एलजी ने 30 जून तक संजय झील से गाद निकालने के दिए निर्देश



सफाई कार्य के दौरान अधिकारियों को निर्देश देते एलजी। फोटो : अमित श्रीवास्तव

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): दिल्ली के उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने रविवार को पूर्वी दिल्ली में डीडीए द्वारा विकसित संजय झील का दौरा किया और झील के कायाकल्प के लिए चल रहे गाद निकालने के कार्यों का जायजा लिया। एलजी ने काम की गति पर संतोष व्यक्त करते हुए अधिकारियों को 30 जून या आगामी मानसून तक काम पूरा करने का निर्देश दिया। इससे झील का भूजल तो रिचार्ज होगा ही साथ ही प्राकृतिक रूप से झील का कायाकल्प भी होगा।

बता दें कि इससे पहले एलजी ने पांच नवंबर 2022 को झील का दौरा किया था जिसके परिणामस्वरूप झील की डी-सिल्टिंग का लगभग 60 प्रतिशत काम पूरा हो गया है। साथ ही एलजी ने झील को औसतन 2.5 मीटर तक गहरा करने का भी निर्देश दिया था, जिसमें पूरी तरह से सिल्ट जमा हो गई थी और झील की जल धारण क्षमता केवल 25 प्रतिशत तक कम हो गई थी। एलजी ने पाया कि संजय झील के पुनरुद्धार और बेहतर रखरखाव के लिए डीडीए को दिये गये डी-सिल्टिंग, मरम्मत और रखरखाव, मृत पेड़ों को हटाने और झील की सफाई के कार्य को सही तरीके से किया जा रहा है। एलजी को बताया गया कि संजय झील के समानांतर स्थित एनएच-24 और आसपास के कई रिहायशी इलाकों से बहने वाले बारिश के पानी को उनके निर्देशानुसार झील में डालने के लिए पाइपलाइन पहले ही बिछाई जा चुकी है। इससे विशेष रूप से आगामी मानसून के महीनों के दौरान इन कॉलोनियों में जलभराव रुकेगा। साथ ही एलजी ने विशेष रूप से अधिकारियों को निर्देश दिये कि मानसून के महीनों के दौरान उक्त आवासीय कॉलोनियों में जलभराव न हो और इन क्षेत्रों से बारिश के पानी को झील में डाला जाए।

# खुले ढक्कन दे रहे मौत को दावत

- **द्वारका में पहले भी हो चुके हैं कई हादसे**
- **आरडब्ल्यूए व निवासियों ने इस बाबत कई बार डीडीए को दे चुके हैं शिकायत**



फुटपाथ पर इस तरह से बगैर ढक्कन के खुले पड़े हैं मैनहॉल।

**नई दिल्ली,** (पंजाब केसरी): एशिया की सबसे बड़ी उपनगरी द्वारका के फुटपाथ व मुख्य सड़कों की हालत दयनीय हो गई है। यहां पर लोगों का चलना दुभर हो गया है। मुख्य सड़कों व फुटपाथ के खुले मैनहॉल मौत को दावत दे रही है। स्थानीय आरडब्ल्यूए व निवासियों ने इस बाबत कई बार डीडीए को शिकायत दे चुके हैं बावजूद इनके अधिकारी सुध तक नहीं लेते हैं। बता दें कि इससे पहले द्वारका में कई हादसे हो चुके हैं, जिसमें नाले की स्लैब अचानक टूटने से कई लोग घायल हो चुके हैं।

द्वारका सेक्टर-15 स्थित भारत विहार इलाके में सीवर का खुला ढक्कन लोगों के लिए खतरा बना हुआ है। स्थानीय निवासी मारी प्रधान ने बताया कि यहां पर एक घनी आबादी निवास करती है।

उन्होंने बताया कि मैं खुद इस खुले ढक्कन के चपेट में आकर घायल हो गया हूं। मारी प्रधान ने बताया कि बाइक से घर आते वक्त उसका पहिया खुले ढक्कन में जा घुसा, इस कारण वह गिर गए और पैरों में चोट आ गई। द्वारका एक्सप्रेस-वे निवासी राहुल अग्रवाल ने कहा कि वह अपने बच्चों के साथ सेक्टर-15 घूमने गए थे। इसी दौरान उनकी बेटी शैली फुटपाथ पर खुले ढक्कन में गिरकर चोटिल हो गई। उसे तुरंत गाड़ी पर बैठाकर अस्पताल ले गए, जहां उसका इलाज किया गया। राहुल अग्रवाल ने कहा कि द्वारका में ऐसे कई प्वाइंट है जहां फुटपाथ टूटे पड़े हुए हैं, लेकिन डीडीए अधिकारियों को कोई चिंता नहीं है। इन ढक्कनों को जल्द ढका नहीं गया तो ये किसी के लिए भी जानलेवा हो सकती है।

DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY
LIBRARY
PRESS CLIPPING SERVICE

millenniumpost
NEW DELHI | MONDAY, 3 APRIL, 2023 ------DATED------

# L-G visits Sanjay Lake, directs officials to complete de-silting work by June 30

SATVIKA MAHAJAN



NEW DELHI: Delhi L-G V K Saxena on Sunday visited Sanjay Lake in East Delhi and took stock of the ongoing de-silting and dredging work to rejuvenate the lake.

The L-G expressed satisfaction over the pace of work that has resulted in completion of nearly 60 per cent de-silting of the lake and directed the officials to complete the work positively by June 30.

The L-G had in his first visit also instructed to deepen the lake by an average 2.5 metres, which was totally silted and water holding capacity was reduced to only 25 per cent.

During the review, the L-G noted that all instructions given earlier for revival and better upkeep of the Sanjay Lake including de-silting, repair and maintenance, removal of dead trees and cleaning of the lake were being executed by the DDA properly. The L-G was informed that pipelines have already been laid to channelize the rainwater flowing from NH-24, which runs parallel to the Sanjay Lake, and several other adjoining residential areas, into the lake.

Spread over a massive 172 acres of land, Sanjay Lake is the biggest green asset in the entire East Delhi area and a 54-acre water body therein is the most striking feature of the park. Once deepened by 2.5 metres, this lake will be able to hold nearly 53 million litres of water.

The L-G instructed DDA to complete the dredging and desilting work before the monsoon arrives. This will rejuvenate the lake naturally while recharging the groundwater simultaneously.

A number of steps like rejuvenation of the water body at Roshanara Bagh, restoration of ancient Anang Tal Baoli, developing 3 water bodies at Baansera, rejuvenation of Bhalswa Lake, creation of water body in Asita East, etc. have been taken in recent times as well in order restore and rejuvenate water bodies in Delhi.

The construction of airport drain and 5 water bodies in the Dwarka region is underway in full swing. Once completed, these water bodies will be used for storing the overflowing water during the monsoons from the airport and thus prevent the usual flooding in and around Dwarka and IGI Airport.

दैनिक भास्कर नई दिल्ली | सोमवार, 03 अप्रैल, 2023 |

# एलजी ने किया संजय झील का दौरा, 30 जून तक डी-सिल्टिंग पूरा करने के निर्देश

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली



एलजी वीके सक्सेना ने रविवार को पूर्वी दिल्ली में संजय झील का दौरा किया। उन्होंने डीडीए अधिकारियों को 30 जून तक संजय झील में फिर पानी बहाल कर कायाकल्प करने, झील की गाद निकालने का निर्देश दिया। मानसून की शुरुआत से पहले झील को 2.5 मीटर तक गहरा कर दें। मयूर विहार फेज 1 व फेज 2 के बीच 172 एकड़ भूमि में फैली झील पूर्वी दिल्ली में सबसे बड़ी हरी भरी है। इसमें 54 एकड़ का जलाशय है जो इसकी सबसे बड़ी खासियत है। एक बार 2.5 मीटर की औसत गहराई के साथ गहरा करने पर यह झील लगभग 53 मिलियन लीटर पानी धारण करने में सक्षम होगी। एलजी ने अधिकारियों से यहां फुटपाथ की मरम्मत और कचरे/मलबे/प्लास्टिक कचरे हटा झील की सफाई का आदेश दिया था। झील देखने बड़ी संख्या में पर्यटक आते हैं। उन्होंने पार्क के अंदर सार्वजनिक सुविधाओं को बढ़ाने के लिए भी कहा। एलजी ने भ्रमण के लिए आने वाले आगंतुकों के साथ भी बातचीत की और उन्हें जल्द से जल्द उनकी सभी शिकायतों को दूर करने का आश्वासन दिया है।

# बजट में यमुना डूब व हरित क्षेत्र के कायाकल्प पर दिया जोर

**नई दिल्ली** | डीडीए अध्यक्ष व एलजी वीके सक्सेना की अध्यक्षता में गत बुधवार को हुई बोर्ड बैठक में वर्ष 2023-24 के लिए 7,643 करोड़ रुपए का बजट पारित किया गया। इस दौरान नरेला, द्वारका एवं रोहिणी के नागरिक बुनियादी ढांचे पर ध्यान देने के साथ जी-20 के मद्देनजर यमुना के डूब क्षेत्र, हरित स्थानों के कायाकल्प और बहाली पर विशेष जोर दिया गया है। बजट में दिल्ली की तीसरी रिंग रोड को भी प्राथमिकता दी गई है। वित्त वर्ष 2022-23 के लिए रोहिणी चरण 4 और 5, टिकरी कलां और नरेला के लिए पूर्व-निर्धारित दरों को भी मंजूरी दी। सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था में सुधार के लिए भू उपयोग परिवर्तन की अनुमति भी दी। डीडीए ने बजट को 7,643 करोड़ रुपए के वार्षिक परिव्यय के साथ अनुमोदित किया।

इस अवधि में डीडीए का राजस्व और प्राप्तियां 8,541 करोड़ रुपये होने का अनुमान है। पिछले साल की तुलना में इस बार डीडीए का बजट 290 करोड रुपए कम रहा है, जबकि इसका राजस्व 598 करोड़ बढ़कर 7,943 की तुलना में 8,541 करोड़ रुपए अनुमानित है। बजट में रोहिणी और नरेला में खेल परिसरों के के साथ द्वारका में गोल्फ कोर्स बनेगा। एम्स के पुनर्विकास के लिए डीडीए एल एंड डीओ को 219 वर्ग मीटर भूमि भी हस्तांतरित करेगा।

**DELHI DEVELOPMENT AUTHORITY**
**LIBRARY**
**PRESS CLIPPING SERVICE**

अमर उजाला नई दिल्ली | सोमवार, 3 अप्रैल 2023 ----DATED----

निरीक्षण

उपराज्यपाल ने दौरा कर 30 जून तक तलहटी में जमा कीचड़ और गाद निकालने का काम खत्म करने को कहा

# संजय झील से गाद निकालने में तेजी लाने के दिए निर्देश

अमर उजाला ब्यूरो

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने पूर्वी दिल्ली स्थित डीडीए की संजय झील को पुनर्जीवित करने के लिए तलहटी पर जमा हुई गाद और कीचड़ निकालने संबंधी कार्यों का जायजा लिया।

झील से गाद निकालने का करीब 60 फीसदी पूरा कर लिया गया है। एलजी ने मौजूदा कार्य पर संतोष जताते हुए कहा कि 30 जून तक सभी जलाशयों को पुनर्जीवित करने के लिए अधिकारियों को कदम उठाने का निर्देश दिया। एलजी ने पिछले साल झील का जायजा लेने के बाद इसे 2.5 मीटर तक और गहरा करने के निर्देश दिए थे। इससे झील की जलधारण क्षमता बढ़कर 5.3 करोड़ लीटर हो जाएगी। एलजी की तरफ से पहले दिए गए निर्देश के मुताबिक, संजय झील के कायाकल्प करने का डीडीए की तरफ से कार्य किया जा रहा है इसके तहत सफाई, गाद निकालने, मरम्मत व रखरखाव, मृत पेड़ों को हटाने जैसे कार्यों को निष्पादित किया जा रहा था। एलजी को बताया गया कि उनके निर्देश पर झील के समांतर चल रहे एनएच-24 और आसपास के रिहायशी क्षेत्रों में बारिश के पानी को झील में पहुंचाने के लिए नई पाइपलाइन बिछाई जा रही हैं।



दिशानिर्देश देते उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना। अमर उजाला

## जलाशयों के जीर्णोद्धार को दी प्राथमिकता

एलजी ने भूजल को रिचार्ज करने और दिल्ली को पानी की जरूरतों के लिए आत्मनिर्भर बनाने के लिए जल निकायों के जीर्णोद्धार और कायाकल्प को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। इसके तहत रोशनआरा बाग में जलाशय, प्राचीन अनंग ताल बावली का जीर्णोद्धार, बांसेरा में 3 जल निकायों का विकास, भलस्वा झील का कायाकल्प, अस्मिता ईस्ट में जल इकाई का निर्माण आदि जैसे कई कदम हाल के दिनों में उठाए गए हैं।

## बच्चे खेल गतिविधियों में ले रहे हिस्सा

झील के दौरे के दौरान एलजी ने स्थानीय लोगों के साथ भी संवाद किया। आगंतुकों ने पार्क में मुहैया की जा रही सुविधाओं और संजय झील के कायाकल्प के लिए उपराज्यपाल की पहल की तारीफ करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। अपने पिछले दौरे में एलजी ने डीडीए को पार्क में लगभग 5 एकड़ के हिस्से को बच्चों के लिए एक अलग मार्ग के साथ प्लेग्राउंड के रूप में चिह्नित करने के निर्देश दिए थे। यहां अब रोजाना सैकड़ों बच्चे खेल गतिविधियों में हिस्सा लेते हैं।

3 अप्रैल • 2023 राष्ट्रीय सहारा

# एक हफ्ते में कायाकल्प की योजना तैयार करे डीडीए : उपराज्यपाल

■ नई दिल्ली (एसएनबी)।

उपराज्यपाल वीके सक्सेना ने रविवार को पूर्वी दिल्ली में डीडीए के संजय झील का दौरा किया। उन्होंने डीडीए को एक सप्ताह के भीतर कायाकल्प की योजना तैयार करने और मॉनसून आने से पहले ड्रेजिंग और डी-सिल्टिंग का काम पूरा करने के निर्देश जारी किए। इससे पहले उपराज्यपाल ने 5 नवम्बर 2022 को भी संजय झील दौरा किया था और झील को पुनर्जीवित करने के लिए दिशा निर्देश दिए थे। झील में गाद को निकालने का लगभग 60 प्रतिशत काम पूरा हो गया है।

झील में हो रहे कार्यों पर उपराज्यपाल ने संतोष व्यक्त किया, लेकिन मॉनसून आने से पहले अधिकारियों से 30 जून इस जल इकाई को पुनर्जीवित करने के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए हैं। उपराज्यपाल ने अपने पहले दौरे में झील को 2.5 मीटर तक गहरा करने के निर्देश दिए थे। इससे पहले यह झील पूरी तरह से गाद से भर गया था जिसके कारण जलधारण की क्षमता सिर्फ 25 प्रतिशत तक रह गई थी।

समीक्षा के दौरान उपराज्यपाल ने पाया

■ उपराज्यपाल ने की संजय झील में जीर्णोद्धार और कायाकल्प के लिए हो रहे कार्यों की समीक्षा

■ मॉनसून से पूर्व ड्रेजिंग और डी-सिल्टिंग का काम पूरा करने के दिए निर्देश

कि पूर्व में उनके द्वारा संजय झील के कायाकल्प को लेकर जो निर्देश डीडीए को दिए गए थे, उन कार्यों को सुचारु ढंग से पूरा किया जा रहा है। इसके अंतर्गत झील की सफाई, झील से गाद निकालने का काम, मरम्मत और रखरखाव, मृत पेड़ों को हटाने जैसे कामों को निष्पादित किया जा रहा था। एलजी को बताया गया कि उनके निर्देश पर संजय झील के समांतर चल रहे एनएच-24 और कई अन्य आस-पास के रिहायशी क्षेत्रों में बारिश के पानी को संजय झील में चेनलाइज करने के लिए नई पाइपलाइन बिछाई जा रही हैं। इससे मानसून के दौरान आसपास की कॉलोनियों में जलजमाव की समस्या नहीं होगी।

कई खूबियां हैं इस झील में : 172 एकड़ भूमि में फैली संजय झील पूरे पूर्वी दिल्ली क्षेत्र में सबसे बड़ी हरित संपत्ति है और इसमें 54 एकड़ की संजय झील इस पार्क की सबसे बड़ी विशेषता है। जब इस झील की औसत गहराई 2.5 मीटर हो जाएगी तो यह झील लगभग 5.3 करोड़ लीटर पानी संचय करने में सक्षम होगी। इस कदम से भूजल को एक साथ रिचार्ज करने और प्राकृतिक रूप से झील का कायाकल्प होने में मदद होगा।

**स्थानीय लोगों से किया संवाद :** एलजी ने स्थानीय लोगों के साथ भी संवाद किया। आगंतुकों ने पार्क में बढ़ाई गई सुविधाओं और संजय झील के कायाकल्प के लिए उपराज्यपाल की प्रशंसा की और उन्हें धन्यवाद दिया। अपने पिछले दौरे में एलजी ने डीडीए को पार्क में लगभग 5 एकड़ के हिस्से को बच्चों के लिए एक अलग मार्ग के साथ प्लेग्राउंड के रूप में चिंनित करने के के निर्देश दिए थे। डीडीए ने एलजी के निर्देश का पालन किया था। एलजी को यह देखकर बेहद खुशी हुई कि सैकड़ों बच्चे उस सेगमेंट में विभिन्न खेल खेल रहे हैं।